Session- 2021-22

PAGE NO.:
DATE: / /

# Department of Music

## of

# GOVERNMENT PG COLLEGE, NARAINGARH (AMBALA)

*Organizes*

## Online State –Level Music Competition

**Events: Instrument Playing (Sitar, Tabla, Guitar)**
**Light Vocal(Geet, Gazal, Bhajan)**

Rules:

Any student from UG/PG can participate.
One entry per student is allowed in each competition.
E-Certificates and prizes will be given to all the winners.
Entries will be accepted till 10 July 2021.
Time limit of the video should be 2-3 minutes and file size should not be more than 1 GB.
Judgment by the judges will be final.
Entries should have Participant's Name, Class, Roll No. and College Name.
Filmy, Non-Filmy song and Karaoke/Tracks are allowed.

**Link for registration & uploading the vedio:**

https://forms.gle/bBWuSUj1wAqDjUXA7

Organizers:
Mrs.Vaneeta Sharma
Mr. Satish Kumar
Mr. Devender Kumar

Convener:
Mrs.Pinki Bala

Patron:
Mr. Sanjeev Kumar
(Principal)











Seen

Scanned by CamScanner

Q1. ONLINE STATE LEVEL MUSIC COMPETITION

वैश्विक महामारी कोरोना के दौर में विद्यार्थियों के मन को तनावमुक्त करने उनकी प्रतिभा को निखारने एवं सांगीतिक प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के संगीत विभाग द्वारा सरकार द्वारा दी गई तमाम हिदायतों का पालन करते हुए दिनांक 10/07/2021 को आनलाईन "संगीत गायन एवं वादन की राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे "पा" प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं एक से बढ़कर एक गायन व वादन की प्रस्तुति विडियों के माध्यम से भेजी। इस आनलाइन राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को "E-Certificate" प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य श्री संजीव कुमार जी के कुशल निर्देशन एवं "सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी" श्रीमति पिंकी बाला के सफल नेतृत्व मे हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संगीत विभाग के तबला वादक श्री देवेन्द्र कुमार ने भी अपनी अहम-भूमिका निभाई।





Seen




PAGE NO.:
DATE: / /

2021-22.

# ON LINE NATIONAL LEVEL WEBINAR (MUSIC)

कोरोना महामारी के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के मन को शान्त, तनाव मुक्त करने तथा संगीत प्रेमियों की सांगीतिक क्षुधा को शान्त करने हेतु राजकिय महाविद्यालय नारायणगढ़ के संगीत विभाग द्वारा दिनांक 07/08/2021 दिन शनिवार को "सुगम एवं शास्त्रीय संगीत" विषय पर आन लाईन राष्ट्रीय सांगीतिक वैबीनार का आयोजन किया गया। इसमे 300 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्यातिथि के तौर पर डॉ० भूपेन्द्र मलहोत्रा एसोसिएट प्रो० संगीत गायन विभाग, जे० एल० एन० कालेज फरीदाबाद को आमन्त्रित किया गया। वैबीनार का आयोजन प्रातः कालीन एवं सांय कालिन दो चरणों मे सम्पन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों को E.MAIL के माध्यम से E-CERTIFICATE भी वितरित किए गए। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि के तौर पर प्राचार्य, शहजादपुर कालेज, श्री सतपाल गिरोत्रा जी ने शिरकत की। महाविद्यालय प्राचार्य श्री संजीव कुमार जी के कुशल निर्देशन व सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी श्री मति पिंकी बाला (एसिसेंट प्रो० संगीत वादन) के अथक प्रयासों के फलस्वरूप वैबीनार सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इसके अलावा एसोसिएट प्रोफैसर श्री सुभाष, श्री रणजीत, श्री सतीश एवं महाविद्यालय तबला वादक श्री देवेन्द्र कुमार ने भी अपनी कार्यकुशलता एवं प्रतिभा के माध्यम से कार्यक्रम की सफलता में अपना अविस्मरणीय योगदान प्रदान किया।

[signature] 10/8/21


[signature]
PINKI BALA (A.P)
Music department and
Convenor of Cultural cell

Scanned by CamScanner

PAGE NO.:
DATE: / /

2021-22

## 3. 75Th. INDEPENDENCE DAY CELEBRATION



दिनांक 15/08/21 को 75 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर मे झण्डा फहराया गया। सीमित संख्या मे N.C.C. के छात्रों द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के राष्ट्र-गान के साथ ही कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा देश-भक्ति गीतों का गायन व नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया गया। नरेश, दीपक, संजीव ने स्वतन्त्रता दिवस से सम्बंधित विषय पर अपने विचार प्रकट किए। महाविद्यालय के छात्र सन्दीप, रवि कुमार, नितिन ने देश-भक्ति गीत प्रस्तुत किए जबकि छात्रा काजल-सैनी ने नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी, संगीत विभागाध्यक्षा श्रीमति पिंकी बाला ने भी अपनी मधुर वाणी का सकारात्मक प्रयोग करते हुए स्वतन्त्रता दिवस से सम्बंधित व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय तबला वादक श्री देवेन्द्र कुमार ने भी देश-भक्ति गीत एवं तबला की संगत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्री संजीव कुमार ने अपनी सहज एवं ओजस्वी वाणी के माध्यम से बधाई रूप मे आशीर्वाद प्रदान किया एवं इसकी सफलता का श्रेय समस्त महाविद्यालय परिवार को दिया।


Seen
16/8/21

PINKI BALA (A.P)
Music Department and
Convener of Cultural cell.

पंजाब केसरी - 17/08/2021

# 'रा.महाविद्यालय में मनाया 75वां राष्ट्रीय स्वतंत्रता

नारायणगढ़, 16 अगस्त (धर्मवीर): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणगढ़ में प्राचार्य संजीव कुमार ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात् महाविद्यालय एन.सी.सी. अधिकारी डा. सतीश की अगुवाई में एन.सी.सी. कैडेट्स ने परेड कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।



ध्वजारोहण करते प्राचार्य संजीव कुमार।

प्रो. संजीव व प्रो. नरेश (इतिहास विभाग) ने स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े कुछ अनकहे व विसिमरण तथ्यों एवं पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रो. दीपक भौतिकी विभाग ने एक कविता के माध्यम से अपना देश भक्ति का संदेश दिया। प्रो. सुमन वाणिज्य विभाग एवं प्रियंका वत्स ने देश भक्ति के गीत सुनाए। समारोह के संयोजक संजीव कुमार इतिहास विभाग रहे और प्रो. पिंकी व प्रो. वनीता ने उनका सहयोग किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. रेनू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. सुभाष, प्रो. अपूर्वा चावला एवं प्रो. शुभम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

'लायंस क्लब ने स्वतंत्रता दिवस पर 3 प्रोजैक्ट किए शुरू'



PAGE NO.:
DATE: / /

2021-22

(4.) जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे श्री कृष्ण भजन प्रतियोगिता

दिनांक 29/08/21 को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे श्री कृष्ण भजन प्रतियोगिता का आयोजन संगीत विभाग एवं सांस्कृतिक कमेटी के संयुक्त प्रयास से हुआ। इस प्रतियोगिता मे 30 के लग-भग विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा भक्ति भाव की भावना से ओत-प्रेत श्री कृष्ण के भजनों की अमृत वर्षा की। कार्य-क्रम का शुभारम्भ मुख्य-अतिथि श्री सतपाल गिरोत्रा जी (प्राचार्य, रा० महाविद्यालय शहजादपुर) के कर-कमलों से भगवान श्री कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्यातिथि महोदय ने असल अर्थों मे जन्माष्टमी के महत्व पर व्याख्यान देते हुए भगवान श्री कृष्ण के जीवन-चरित्र एवं उनकी प्रेरणा स्त्रोत विशेषताओं पर प्रकाश डाला। रा० महाविद्यालय प्राचार्य श्री संजीव कुमार ने मुख्यातिथि का अभिवादन एवं आभार व्यक्त किया। इसी के साथ ही कार्यक्रम मे प्रतियोगिता का आगाज़ हो गया। कोरोना निर्देशों का भी पूर्ण रूप से पालन किया गया। मंच संचालन आसिस्टैंट प्रो० श्री मति "चंचल" ने किया। महाविद्यालय परिवार के बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। राधा-रानी एवं भगवान श्री कृष्ण का बाल रूप मे आगमन अत्यन्त मनमोहक था। प्रतियोगिता मे विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं सर्टीफिकेट्स से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे प्रो० सुमन लता, श्री मति प्रियंका वत्स एवं तबला वादक श्री देवेन्द्र कुमार ने भी भजन के माध्यम से प्रस्तुति दी। साथ ही श्री देवेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों के साथ तबला व ढोलक की संगत की। कार्यक्रम के अन्त मे कार्यक्रम

Scanned by CamScanner

संयोजिका श्री मति पिंकी बाला ने कार्यक्रम मे शिरकत करने वाले श्री सतपाल गिरोत्रा जी (प्राचार्य रा० म० विधालय, शहजादपुर) प्राचार्य श्री संजीव कुमार जी एवं सभी प्रतिभागी छात्रों का आभार व्यक्त किया तथा अन्त मे कान्हा जी को झूला झुलाते हुए प्रसाद का वितरण किया गया।

30/08/2021
पंजाब केसरी



मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य एवं अन्य एवं राधा कृष्ण की झांकी में बच्चे। (धर्मवीर)

## 'श्रीकृष्णा भजन प्रतियोगिता में समदीप प्रथम'

राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य संजीव कुमार की अध्यक्षता में महाविद्यालय के संगीत विभाग एवं सांस्कृतिक समिति के अंतर्गत जन्माष्टमी के उपलक्ष पर श्रीकृष्णा भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सतपाल गिरोत्रा, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर ने शिरकत करते हुए कहा कि भारतवर्ष में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का बहुत अधिक महत्व है और इस दिन विधि-विधान से भगवान् श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं, वहीं निःसंतान दम्पतियों को भी संतान की प्राप्ति हो जाती है।

प्राचार्य संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि हिन्दू धर्म में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म दिवस एक उत्सव के समान होता है। इस दिन कहीं झूला झुलाते हैं तो कहीं झांकी सजाते हैं। कहीं तो दही की मटकी फोड़ने की परम्परा भी है। सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा प्रो. पिंकी बाला ने कहा कि लोग इस दिन व्रत और पूजा पाठ करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिन लोगों का चंद्रमा कमजोर होता है वे लोग इस दिन विशेष पूजा करके लाभ प्राप्ति कर सकते हैं।

श्रीकृष्ण भजन प्रतियोगिया में पहले स्थान पर समदीप, दूसरे स्थान पर प्रियंका एवं रवि कुमार और नितिन एवं हैप्पी तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल कि भूमिका में डा. अपूर्वा चावला, प्रो. सुमन लता एवं प्रो. पिंकी बाला रहे। मंच पर तबला वादन एवं ढोलक वादन देवेंद्र कुमार (तबला वादक) ने किया। मंच संचालन प्रो. चंचल ने किया। इस अवसर पर प्रो. सुभाष, प्रो. शुभम, डा. सतीश, प्रो. प्रिया मालिक एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

नारायणगढ़, 29 अगस्त (धर्मवीर): माउंट कारमेल इंटरनैशनल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से

Seen
31/8/21



Seen

PINKI BALA
Assistant Professor
Music(I)
Convener of Cultural Activities

Scanned by CamScanner

PAGE NO.:
DATE: / /

2021-2022

5. "One-Day Online National Seminar" On
"सितार की वादन तकनीक एवं सौंदर्यात्मक मूल्यांकन"

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सांगीतिक पक्ष को उभारने के उद्देश्य से राजकिय महाविद्यालय नारायणगढ़ के संगीत विभाग द्वारा दिनांक 30/10/2021 को "सितार की वादन तकनीक एवं सौंदर्यात्मक मूल्यांकनं" विषय पर एक दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया इसमे 200 से अधिक प्रतिभागियों ने अपन उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्यातिथी के रूप मे श्री सतपाल गिरोत्रा जी, प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय शहजादपुर ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि व प्राचार्य राजकीय महाविद्याल, नारायणगढ़ श्री संजीव कुमार जी के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वति के चरणों मे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम दो चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण के मुख्य वक्ता एवं कलाकारा के रूप मे "डॉ० रेनू का गम्भीर" सेवा निवृत एसोसिएट प्रोफेसर, हिसार ने अपनी प्रस्तुति दी तथा द्वितिय चरण मे "डॉ० श्री हरविन्दर शर्मा जी" पूर्व प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कालका ने अपनी प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि के रूप मे डॉ० सूची स्मिता, अध्यक्ष, डीन फैकेल्टी आफ इंडियन स्टडीज "कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने अपने विचार प्रकट किए। महाविद्यालय प्राचार्य श्री संजीव कुमार के कुशल निर्देशन व साँस्कृतिक एवं कला प्रभारी श्री मति पिंकी बाला (असिस्टेंट प्रोफेसर, वादन) के अथक प्रयासों के फल स्वरूप सेमीनार सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के तबला वादक श्री देवेन्द्र कुमार ने भी कार्यक्रम की सफलता मे सराहनीय भूमिका अदा की। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन प्रो० सुमन लता द्वारा

Scanned by CamScanner

PAGE NO.
DATE

किया गया। प्रो० जे० एस० विर्क, प्रो० सुभाष, प्रो० शुभम, रीमा संधू, राजीव गोयल, स्वर्णजीत, राजेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, मनीषा सपना गुप्ता, सपना सैनी व प्रो० राकेश कुमार ने भी कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया।

अजीत समाचार – 31-10-2021

# 'सितार वादन तकनीक एवं सौंदर्यात्मक मूल्यांकन' विषय पर सैमीनार आयोजित



नारायणगढ़ के राजकीय महाविद्यालय में ऑनलाइन सैमीनार में भाग लेते हुए। (छाया : गुलियानी)

नारायणगढ़, 30 अक्तूबर (गुलियानी) : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणगढ़ में प्राचार्य संजीव कुमार की अध्यक्षता में संगीत विभाग के तत्वाधान में 'सितार की वादन तकनीक एवं सौंदर्यात्मक मूल्यांकन' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सतपाल गिरोत्रा, प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय शहज़ादपुर एवं संजीव कुमार, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़ के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और माँ सरस्वती जी का आह्वान कर किया गया। इस ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार में डॉ. सुच्चीस्मिता, अध्यक्ष, डीन फैकेल्टी ऑफ इंडिक स्टडीज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने सम्माननीय अतिथि के रूप में शिरकत की। इस वेबिनार में 200 से अधिक प्रतिभागी जुड़े और संगीत का रसास्वादन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर पिंकी बाला इस नेशनल वेबिनार की आयोजक रही और वेबिनार के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य संजीव कुमार ने प्रोफेसर पिंकी बाला एवं उनकी टीम तथा देवेंदर कुमार, तबला वादक को बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह के ज्ञान वर्धक संगीतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और इस वेबिनार की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से नदी का पानी लगातार बहता रहता है उसी प्रकार से संगीत भी लगातार चलता रहे, चलता रहे और बस चलता रहे और संगीत की मधुर ध्वनि हमें मन्त्र मुग्ध करती रहे। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य प्रवक्ता डॉ. रेणुका गंभीर भूतपूर्व एसोसिएट प्रोफेसर ने सितार वादन के राग सरस्वती की बारीकियों से भेद समझाए। दूसरे सत्र के मुख्य प्रवक्ता डॉ. हरविंदर कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को संगीत के वर्तमान संदर्भ में दशा और दिशा की ओर सभी का ध्यान दिलाया। इस मधुर कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के प्रो. सुमनलता द्वारा किया गया। इस दौरान प्रो.जे.एस विर्क, प्रो. सुभाष, प्रो. शुभम, प्रो. स्वरणजीत, प्रो. रीमा संधू, प्रो. राजीव गोयल, प्रो. राजेंद्र कुमार, प्रो. सपना गुप्ता, प्रो. मनीषा, प्रो. सपना सैनी, प्रो. राकेश कुमार ने संगोष्ठी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Seen

Scanned by CamScanner

**DEPARTMENT OF MUSIC**

# Govt. P.G. College, Naraingarh (Ambala)

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Under the aegis of

**INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL**

**Organises**

*One-Day Online National Seminar*

*On*

## "सितार की वादन तकनीक एवं सौंदर्यात्मक मूल्यांकन"



**On 30/10/2021 at 10:30 a.m. onwards**



**Chief Guest**
Sh. S.P. Girotra
Principal, Govt College For Women,
Shahzadpur (Ambala)



**Guest of Honour**
Dr. Suchismita Sharma
Chairperson,
Music & Dance Departmen
Kurukshetra University
Kurukshetra



**Patron**
Mr. Sanjeev Kumar
Principal, Govt P.G. College, Naraingarh



**Convenor**
Mrs. Pinki Bala
Assistant Professor
Department of Music

**Advisory Committee**
Mr. J.S. Virk
Mr. Subhash
Mr.Anil Saini(Convenor,IQAC)

**Organizing Committe**
Dr. Satish Kumar
Dr. Rajeev Goel
Mrs. Sapna Gupta
Mr. Rajender Kumar
Ms Sapna Saini
Mr. Devender Kumar



Coordinator
Mrs. Suman Lata
Assistant Professor of Commerce



Session-1



Resource Person
Dr. Renuka Gambhir
Retired
Associate Professor
Govt. P.G college, Hisar

Session-2



Resource Person
Sh. Harvinder Sharma
Ex Principal
Govt.College, Kalka

**For Registration Click Here**
https://forms.gle/zAbq8j42j332rcVc8

**Registered candidates with full attendance will be given E-certificates**

**Important Instruction:**

1. Registration is must for all the Participants.
2. All the Participants should join the Whats App group while Registration. Further Information Regarding online Webinar will be provided through that Whats app group only.
   https://chat.whatsapp.com/DxdDoGSwEK0Hg5VeJjV7IO
3. Online Meeting Link for online Webinar will be sent through Whats app Group only.

PINKI BALA
Assistant Professor
Music
Convener of Cultural cell

Scanned by CamScanner

PAGE NO.
DATE

# प्रतिभा खोज 2021-22

6. दिनांक 26/11/2021 व 27/11/2021 को महाविद्यालय प्रांगण में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशन पर दो दिवसीय "प्रतिभा खोज" प्रतियोगिता का आरम्भ महाविद्यालय प्राचार्य श्री देवेन्द्र ढींगरा जी के निर्देशन पर सांस्कृतिक तथा कला प्रभारी श्रीमति पिंकी बाला के नेतृत्व में भिन्न-2 प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठ, भाषण, मिमिक्री, चित्रकारी तथा संगीत गायन, वादन व नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भरपूर रुचि दिखाई व बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा की उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास ही नहीं है बल्कि उनकी छिपी प्रतिभा को भी विकसित करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत विभाग के तबला वादक तथा समस्त प्राध्यापक गणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नृत्य में रिया व गायन में नितिन प्रथम



नारायणगढ़ राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

भास्कर न्यूज़ | नारायणगढ़

राजकीय कॉलेज नारायणगढ़ में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के द्वितीय सत्र का आरंभ गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं से हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में शुक्रवार को काव्य पाठ, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्लेइंग इंस्ट्रूमेंट, मिमिक्री हुईं। शनिवार के सत्र का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ देवेंद्र ढींगरा ने किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया, द्वितीय स्थान हरमीत कौर, तृतीय स्थान सचिन एवं अभिषेक गुप्ता ने प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितिन, द्वितीय स्थान विजय, तृतीय स्थान प्रियंका एवं कल्पना ने प्राप्त किया।

Seen

Scanned by CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियो[illegible]ता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अर्थ प्रकाश/सुशील

नारायणगढ़ 27 नवंबर। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के प्राचार्य डॉ देवेन्द्र ढींगरा की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के निर्देशन में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के संगीत विभाग प्रभारी श्रीमती पिंकी बाला के नेतृत्व में तथा तबला वादक देवेन्द्र कुमार के सहयोग से भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के द्वितीय सत्र का आरम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ देवेन्द्र ढींगरा के निर्देश पर प्रतियोगिताओं जैसे गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्रों ने भरपूर रुचि दिखाई और प्रतियोगिताओ में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल विद्यार्थियों का बौद्धिक [illegible] उनकी छिपी प्रतिभा को भी विकसित करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का क्रम भविष्य में निर्बाध जारी रहेगा। इस प्रतियोगिता का प्रथम सत्र गत दिवस 26 नवंबर को भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठ, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्लेइंग इंस्टरूमेंट्र, मिमिक्रि आदि प्रतियोगिताओं द्वारा मनाया गया। आज के सत्र का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ देवेन्द्र ढींगरा जी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना द्वारा आरम्भ किया गया। महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी श्रीमती पिंकी बाला द्वारा बच्चों की हौसला अफज़ाई से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं में नृत्य में प्रथम स्थान रिया, द्वितीय स्थान हरमीत कौर, तृतीय स्थान सचिन एवं अभिषेक गुप्ता ने प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितिन, द्वितीय स्थान विजय, तृतीय स्थान प्रियंका एवं कल्पना ने [illegible]

# नृत्य में रिया और गायन में नितिन को मिला पहला स्थान

संवाद सहयोगी, नारायणगढ़ : राजकीय कालेज नारायणगढ़ में टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगीत विभाग प्रभारी पिंकी बाला व तबला वादक देवेंद्र कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा ने किया। महाविद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिताओं भरपूर रुचि दिखाई और बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्राचार्य ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल विद्यार्थियों का बौधिक विकास ही नहीं है बल्कि उनकी छिपी प्रतिभा को भी विकसित करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतियोगिताओं के आयोजन का क्रम भविष्य में भी जारी रहेगा।

राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में आयोजित की गई टैलेंट हंट प्रतियोगिता

इस दौरान हुई नृत्य में प्रथम स्थान रिया, द्वितीय स्थान हरमीत कौर व तृतीय स्थान सचिन एवं अभिषेक गुप्ता को मिला, जबकि गायन में प्रथम स्थान नितिन, द्वितीय स्थान विजय, तृतीय स्थान प्रियंका एवं कल्पना को हासिल हुआ। मौके पर प्रो संजीव कुमार, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. सीमा राणा, प्रो. अनिल सैनी, प्रो. वंदना सैनी, प्रो. विनीता शर्मा, प्रो. नरेश कुमार आदि मौजूद रहे। मंच संचालन प्रो. सुमन लता तथा प्रो. जगदीप सिंह ने किया।



[illegible]जन्य विज्ञप्ति

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

नारायणगढ़, 27 नवम्बर (धर्मवीर): राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के निर्देशन में 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के संगीत विभाग प्रभारी पिंकी बाला के नेतृत्व में तथा तबला वादक देवेंद्र कुमार के सहयोग से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के द्वितीय सत्र का आरम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा के निर्देश पर प्रतियोगिताओं जैसे गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्रों ने भरपूर रुचि दिखाई और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य ने बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल विद्यार्थियों का बौधिक विकास ही नहीं है बल्कि उनकी छिपी प्रतिभा को भी विकसित करना है। प्रतियोगिता का प्रथम सत्र गत दिवस 26 नवंबर को भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं जैसे: काव्य पाठ, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्लेइंग इंस्ट्रूमैंट्र, मिमिक्री आदि प्रतियोगिताओं द्वारा मनाया गया।

सत्र का शुभारम्भ प्राचार्य डा. देवेंद्र ढींगरा द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से आरम्भ किया गया। महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी पिंकी बाला द्वारा बच्चों की हौसला-अफज़ाई से कार्यक्रम की



*प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी, मौजूद दर्शक व सफल विद्यार्थी।* (धर्मवीर)

शुरुआत हुई। प्रतियोगिताओं के विजेताओं में नृत्य में प्रथम स्थान रिया, द्वितीय स्थान हरमीत कौर, तृतीय स्थान सचिन एवं अभिषेक गुप्ता ने प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितिन, द्वितीय स्थान विजय, तृतीय स्थान प्रियंका एवं कल्पना ने प्राप्त किया। तत्पश्चात् सभी 2 दिवसीय कार्यक्रम के विजेताओं को महाविद्यालय प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

इस मौके पर प्रो. संजीव कुमार (इतिहास विभाग), प्रो संजीव अग्रवाल, प्रो सीमा राणा, प्रो. अनिल सैनी, प्रो. वंदना सैनी, प्रो. विनीता शर्मा, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. रेणु, प्रो. डिम्पल, प्रो. शुभम, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. चंचल, प्रो. सतीश कुमार, प्रो. मोहम्मद रफी, प्रियंका वत्स आदि समस्त प्राध्यापक गण प्रस्तुत रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. सुमन लता तथा प्रो. जगदीप सिंह द्वारा किया गया।

PINKI BALA
Assistant Professor
Music (I)
Convener of
Cultural Cell.

Scanned by CamScanner

7. ZONAL YOUTH Festival 2021-22

युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र द्वारा तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 23, 24, 25 दिसम्बर 2021 को अम्बाला शहर के एम० डी० एस० डी० कन्या महाविद्यालय मे हुआ। हमारे महाविद्यालय की ओर से भी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का नेतृत्व करते हुए 25 भिन्न-2 प्रतिस्पर्धाओं मे भाग लिया तथा कुशल प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने छः प्रतियोगिताओं मे क्रमशः प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज-मेकिंग मे महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान, हरियाणवी स्किट मे द्वितीय तथा समूह गान हिन्दी मे तृतीय, समूह गान हरियाणवी मे तृतीय, हरियाणवी आर्केस्ट्रा मे तृतीय तथा आन दा स्पोट फोटोग्राफी मे तृतीय स्थान प्राप्त किया. तथा महाविद्यालय का नाम चमकाया। महाविद्यालय प्राचार्य श्री डा० देवेन्द्र धीगड़ा ने विजेता छात्रों, सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी श्रीमति पिंकी बाला, महाविद्यालय के तबला-वादक श्री देवेन्द्र कुमार एवं समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

· Participated by students in - 25 different items.

Achievements:-

1. Re-Commend (Ist) in Collag Making
2. Commend (2nd) in Haryanvi Skit
3. 2nd Commend (3rd) in Group Song General
4. 2nd Commend (3rd) in Group Song Haryanvi
5. 2nd Commend (3rd) in Haryanvi Orchestra.
6. 2nd Commend (3rd) in On the spot Photography.

Scanned by CamScanner

चंडीगढ़, 29 दिसंबर, 2021 दैनिक जागरण

## संक्षिप्त समाचार

# युवा महोत्सव में छात्राओं ने किए बेहतर प्रदर्शन



प्रतिभागियों के साथ महाविद्यालय स्टाफ। ● एआइपीआरओ

नारायणगढ़ : एमडीएसडी महाविद्यालय शहर में तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव में राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। 43 विधाओं में प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा के मार्गदर्शन तथा सांस्कृतिक विभाग की अध्यक्षा पिंकी बाला के निर्देशन एवं देवेंद्र कुमार तबला वादक के सहयोग से महाविद्यालय विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन कोरियोग्राफी, हरियाणवीं सोलो डांस (महिला), ग्रुप सांग जनरल, रिचुअल, माइम, फोक सोंग हरियाणवी (सोलो) फोक सोंग जनरल, लाइट वोकल इंडियन, आन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, क्विज आदि कुल 12 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कोलाज में प्रथम स्थान, हरियाणवी स्किट में द्वितीय स्थान, ग्रुप सांग जनरल में तृतीय स्थान, हरियाणवी आर्केस्ट्रा में तृतीय स्थान, ग्रुप सांग हरियाणवी में तृतीय स्थान, आन द स्पाट फोटोग्राफी में तृतीय स्थान हासिल किया। (संस)

PINKI BALA
Assistant Professor
Music
Convener of cultural cell

8/1/22

8. Republic day Celebration

दिनांक 26/01/2022 गणतन्त्र दिवस पर महाविद्यालय परिसर में झंडा फहराया गया महाविद्यालय प्राचार्य जी के कर-कमलों से। इस दिवस पर संगीत के विद्यार्थियों ने वीर रस या देशभक्ति से ओत प्रोत गाने गाए और देश की एकता व अखण्डता बनाए रखने का काम किया। इसमें विजय, नितिन, जतिन, पृथ्वी, आयान, कविता, सन्दीप, और बहुत से विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। अंत में सबको लड्डू वितरित किए गए।

09. सुगम संगीत प्रोग्राम

"राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत 'हरियाणा कला परिषद के [redacted] सहयोग से वैशाखी उपलक्ष्य एवं स्वर्गीय श्री लता मंगेशकर जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप सुगम संगीत का आयोजन किया गया। जिसमें सुनीता दुआ सहगल जी एवं उनकी टीम को आमंत्रित किया गया था सुगम संगीत के लिए। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य श्री सजीव कुमार, मुख्य अतिथि श्रीमति सुमन सैनी वर्तमान भाजपा जिला कार्यकारिणी एवं विशिष्ट अतिथि श्री सतपाल गिरोत्रा पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय शहजादपुर के द्वारा

Scanned by CamScanner

PAGE NO.
DATE

दीप प्रज्वलित कर किया गया।
यह कार्यक्रम सांस्कृतिक कला प्रभारी श्रीमती पिंकी बाला तथा उनके सहयोगी तबला प्लेयर श्री देवेन्द्र कुमार जी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ।

Seen
[signature]

[signature]
PINKI BALA
Incharge
Cultural Comm.

दैनिक ट्रिब्यून - 24-04-22

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुगम संगीत



नारायणगढ़ में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गायिका सुनीता दुआ सहगल को सम्मानित करते प्राचार्य संजीव कुमार। -निस

नारायणगढ़, 23 अप्रैल (निस)

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हरियाणा कला परिषद के सहयोग से सुगम संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुनीता दुआ सहगल ने बतौर गायिका शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य संजीव कुमार तथा मुख्यातिथि भाजपा नेता सुमन सैनी व विशिष्ट अतिथि सतपाल गिरहोत्रा पूर्व प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य संजीव कुमार ने मुख्यतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं गायिका सुनीता दुआ को स्वागत करते हुए कहा कि संगीत में जीवन का सार है। संगीत से व्यक्ति के जीवन में सरसता एवं समरस्ता का संचार होता है। इस मौके पर सुमन सैनी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के संगीत कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस कार्यक्रम में महान गायिका लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर सुभाष कुमार व अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

[signature]

Seen [signature]

दैनिक भास्कर - 24-04-2022

# सुनीता ने लता मंगेशकर के गीतों पर बिखेरे सुर



नारायणगढ़ | गवर्नमेंट कॉलेज में हरियाणा कला परिषद ने सुगम संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में गायिका सुनीता दुआ सहगल ने लता मंगेशकर, बप्पी लहरी और किशोर कुमार के फिल्मी गीत सुनाए। इस अवसर पर भाजपा नेत्री सुमन सैनी और रिटायर्ड प्रिंसिपल एसपी गिरहोत्रा मुख्यातिथि रहे। सुमन सैनी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और संगीत का होना भी जरूरी है। गायिका सुनीता दुआ ने सबसे पहले लता मंगेशकर का गीत लग जा गले... गाया। इसके बाद उन्होंने बप्पी लहरी, किशोर कुमार व अन्य गायकों के गाने सुनाए। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य संजीव कुमार, सांस्कृतिक इवेंट की इंचार्ज पिंकी बाला, डॉ. जगदीप व प्रोफेसर सुमन मौजूद रहे।

[signature]

Scanned by CamScanner